# भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
# National Highways Authority of India
(Ministry of Road Transport and Highways, Govt. of India)
परियोजना कार्यान्वयन इकाई - मुजफ्फरपुर
पावापुरी विहार (द्वितीय तल), भगवानपुर, मुजफ्फरपुर
Project Implementation Unit-Muzaffarpur
Pawapuri Vihar (2nd Floor) Bhagwanpur, Muzaffarpur-842001
E-mail :-muz@nhai.org, piumuzaffarpur@gmail.com


सत्यमेव जयते

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

सं0–भा०रा०रा०प्रा० / पकाई–मुज0 / अनु0प्रतिवेदन / रा0सु0 / विविध / 2022 / 141

दिनांक 15.03.2023

सेवा में,
जिला परिवहन पदाधिकारी
समस्तीपुर (बिहार)।

विषयः– दिनांक– 24.02.2023 एवं 03.03.2023 को जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष जिला सड़क सुरक्षा समिति, समस्तीपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न नवगठित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का अद्यतन अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

दिनांक– 24.02.2023 एवं 03.03.2023 को जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष जिला सड़क सुरक्षा समिति, समस्तीपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न नवगठित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये गये निदेश के आलोक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परियोजना कार्यान्वयन इकाई–मुजफ्फरपुर से संबंधित बिन्दुओं का अद्यतन अनुपालन प्रतिवेदन निम्नवत है:

| क0सं0 | कार्यावली | बैठक में लिये गये निर्णय | इस कार्यालय का अनुपालन प्रतिवेदन |
|---|---|---|---|
| 2 | ब्लैक स्पॉट का निर्धारण | केन्द्रीय मापदंड के अनुरूप वर्ष 2020, 2021, एवं 2022 का 06 ब्लैक स्पॉट स्थल चिन्हित किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक, समस्तीपुर से प्राप्त ब्लैक स्पॉट की सूची बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय उच्च पथ प्राधिकार के प्रतिनिधि को उपलब्ध कराने हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को निदेशित किया गया। | केन्द्रीय मापदंड के अनुरूप वर्ष 2020, 2021 एवं 2022 के 06 ब्लैक स्पॉट की सूची प्राप्त है। लघु कालीन परिमार्जन हेतु प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। एक माह में लघुकालीन परिमार्जन पूर्ण कर ली जाएगी। |
| 3 | यातायात एवं जाम की समस्या | समीक्षा के कम में उपस्थित एन0एच0ए0आई0 के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि एन0एच0–28 पर ताजपुर, मुसरीघरारी, सातनपुर, एवं दलसिंहसराय में फ्लाई ओवर ब्रीज का निर्माण होना है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा एन0एच0ए0आई0 के प्रतिनिधि को निदेशित किया गया कि एन0एच0–28 पर बनाये जाने वाले फ्लाई ओवर ब्रीच का निर्माण निर्धारित स्थल से कुछ पहले से कराया जाय। | बैठक में हुई चर्चा के आलोक में इस विषय की समीक्षा की गई एवं यह स्पष्ट हुआ है कि दलसिंहसराय में प्रस्तावित VUP एवं SH-88 के NH-28 के साथ Intersection के बीच की दूरी 1.51 कि0मी0 है। इस लंबाई में Flyover का निर्माण लागत लगभग 150 करोड़ रू0 होगी जो अभी संभव प्रतीत नहीं होता है। 4 लेन चौड़ीकरण में समायोजित करने पर विचार किया जा सकता है। |

सूचनार्थ समर्पित।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन,
(हस्ताक्षर) 15.03.23
(राम प्रीत पासवान)
परियोजना निदेशक,